## तेज रफ्तार डंपर ने युवक को कुचला

### परिजनों ने थाने पर किया प्रदर्शन



**गाडरवारा, देशबन्धु।** साईखेड़ा और झिकोली के बीच नर्मदा घाट के नजदीक स्टेट हाईवे 44 पर विगत दिवस एक तेज रफ्तार दौड़ते डंपर क्रमांक एच आर 84 -5666 ने बाइक सवार दुर्गा प्रसाद पिता श्रीलाल उम्र 23 बषीय को टक्कर मार दी। जिससे युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि युवक के दो टुकड़े हो गये।

घटना स्थल पर सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रकाश पाठक अपने स्टाफ के साथ पहुंचे और विक्षप्त शव को इकट्ठा कर सड़क किनारे किया और सडक पर लगे जाम को खुलवाया। मृतक के पिता श्रीलाल ने बताया कि बेटा दो तीन पहले अपनी पत्नि आशाबाई और दो बेटो के साथ ससुराल तूमडा आया था। ग्राम खपड़िया वापिस होते समय यह घटना घटित हो गई। दूसरे दिन तूमडा ससुराल पक्ष और खपड़िया के लोगों ने थाने आकर न्याय की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर सड़क पर जाम लगाया। तब जाकर पुलिस ने समजाईस देकर उग्र भीड़ को शांत कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

घटना के संबंध में चर्चा है कि पहले तेज रफ्तार डंपर ने एक कार को टक्कर मारी और उसके बाद बाईक सवार को रौंदा। डंपर का ड्राईवर सड़क किनारे डंपर छोड़ कर गया। बताया जाता है कि चीचली गाडरवारा एनटीपीसी से हर रोज दर्जनों डंपर राखड लेकर एक कातर मैं रेंज रफ्तार निकलते हैं ट्रकों की आवाजाही से साईखेड़ा की सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है।

## लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी



**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में लकड़ी का अवैध कारोबार तेजी से हो रहा है। इस दिशा में वन विभाग का मौन अवैध कारोबार को बढ़ावा देता नजर आ रहा है। विगत दिवस स्थानीय महाकाल चौराहे पर एक बिना नंबर के ट्रैक्टर की लकड़ी से भरी ट्राली पलट जाने जम लग गया। अपेक्षा है कि संबंधित अधिकारी इस दिशा में ध्यान देंगे।

## चीचली पंचायत के सचिव तीन दिन के अवकाश पर, सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद के नाम सम्बोधित एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन प्रभारी पंचायत खंड अधिकारी स्वदेश साहू को सौंपकर मांग की गई है कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में सीएम हेल्प लाईन के शिकायतों को बंद करवाने के लिये पंचायत सचिवों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है तथा पंचायती राज से पृथक विभाग की योजनाओं जैसे आयुष्मान इत्यादि को सफल बनाने के लिये जहाँ-



तहाँ पंचायत सचिवों को नोटिस देकर कार्यवाही की जा रही है। लगभग सभी जिलों में रविवार और अवकाश के दिनों में भी ग्राम पंचायत सचिवों से कार्य करवाया जा रहा है। जिसके चलते जिला बालाघाट के किरनापुर जनपद पंचायत के कांद्रीकला ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव घनश्याम बिसेन असमय काल के गाल में समा गये। उक्त सभी समस्याओं के कारण मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के आव्हान पर जनपद पंचायत चीचली के समस्त सचिव 25 नवंबर 24 से 27 नवंबर तक सामूहिक अवकाश पर चले गए है।

इस अवसर पर सचिव संगठन के जनपद अध्यक्ष नीलेश कौरव, जिला उपाध्यक्ष सोमनाथ कौरव, राजेश गौरव मनोज दीक्षित भागचंद कौरव जगदीश नागवंशी, प्रमोद पाल, कौशल श्रीवास,अर्पित कौरव, दर्शन सिंह, हाफिज बेग,अतरसिंह अहिरवार, राजेंद्र वर्मा सहित अनेक सचिवों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सार-समाचार

### महाविद्यालय को मिला नैक निरीक्षण में बी श्रेणी का दर्जा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्टीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के निरीक्षण दल ने निरीक्षण किया था, जिसकी रिपोर्ट में महाविद्यालय को बी श्रेणी का दर्जा मिला है, उक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डा. एके जैन ने बतलाया कि महाविद्यालय को यह उपलब्धि महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों, अलुमिनाई सदस्यों और छात्रों के समन्वित प्रयास से मिली है। प्राचार्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय को मिलने वाली सुविधाओं में इजाफा होगा, जिसका सीधा फ़ायदा क्षेत्र के विधार्थियों को मिलेगा। उल्लेखनीय है पूर्व में महाविद्यालय का दर्जा सी श्रेणि का था।

### गोवंश पालन सहित वनों का संरक्षण भी जरूरी : बृजिका शुभि दुबे

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जब जीवन में पुण्यों का उदय होता है तब श्रीमद् भागवत की पावन कथा श्रवण का सुअवसर प्राप्त होता है।श्रीमद् भागवत कथा भगवान नारायण के श्री मुख से निकली पुण्य दायिनी कथा है जिसे अठारह हजार श्लोकों में वेदव्यास जी महाराज ने संजोया है। जो प्राणियों को भक्ति और भगवान से जोड़ती है। हमारे जीवन का उद्देश्य सत्कर्म होना चाहिए।हम गौ वंश की रक्षा करें। पेड़ पौधे लगाकर वनों का संरक्षण करें।उक्ताशय के उद्बोधन कथा व्यास बृजिका शुभि दुबे ने ग्राम समनापुर मां नर्मदा के तट स्थल पर आयोजित भागवत कथा के सप्तम दिवस पर दिये।सुश्री दुबे ने पांच सौ गौ वंश के रखरखाव का संकल्प लिया है वहीं सनातन हिन्दू धर्म की ध्वजा लहराते हुये आप सभी को जन्मोत्सव पर दस पौधे लगाने और उनकी देखभाल की प्रेरणा दे रहीं हैं।कथा समापन पर ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने भी गरिमापूर्ण कविताएं प्रस्तुत करते हुए अपने विचार रखे।पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने मां नर्मदा की महिमा का चित्रण किया।कथा पुराण के सातों दिवस बड़ी संख्या में मां बहनों सहित श्रोताओं ने कथा श्रवण का आनंद लिया।

### छात्र वैभव का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र वैभव नेमा पिता अनूप नेमा कक्षा 12 वीं गणित संकाय ने 17 नवंबर से 21 नवंबर



तक नर्मदापुरम में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वैभव की उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार व्यवहार दीपक अग्निहोत्री, सुभाष नेमा, विद्यालय प्राचार्य जी एस पटैल , भोलानाथ पांडेय, खेल प्रशिक्षक विजय सेन सहित विद्यालय परिवार द्वारा बधाई व शुभकानाएं प्रेषित की गईं।

### निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश पर जिले के राजस्व अधिकारियों और कृषि विभाग के मैदानी अमले ने संयुक्त रूप से निजी उर्वरक विक्रेताओं की दुकान और गोदामों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां स्टाक की उपलब्धता, पीओएस मशीनों और उर्वरक विक्रय लाइसेंस सहित दुकान के बाहर उर्वरकों की दर सूची का भी निरीक्षण किया।

### संविधान दिवस आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार आज 26 को संविधान दिवस मनाया जाना है। आदेश के परिपालन में महाविद्यालय के बर्चुअल कक्ष में सुबह साढे ग्यारह बजे से संविधान की उद्देशिका का वाचन किया जावेगा । साथ ही पीएम.ई.विद्या प्लेपटफार्म पर प्राप्त वीडियो प्रसारित किया जावेगा। तदोपरांत हमारा संविधान हमारा स्वाविभिमान विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित है। इसी तारतम्य में पर एक क्विज अपलोड की जावेगी जिसे आमजन पोर्टल पर लॉगिन कर सहभागिता कर सकते है।

### फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण संबंधी बैठक आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के मान से फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के प्रचलित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा नामावली के पुनरीक्षण कार्य के लिए पर्यवेक्षण हेतु आयुक्त जबलपुर को नरसिंहपुर जिले का रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। रोल प्रेक्षक आयुक्त जबलपुर का 26 नवम्बर को जिले में भ्रमण प्रस्तावित है। इसी क्रम में आयुक्त जबलपुर द्वारा निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के संबंध में 26 नवम्बर को अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जायेगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से उक्त बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है। यह जानकारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी है।

## नेहरू स्कूल में लगी विज्ञान व गणित की प्रदर्शनी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. ए के चौवे ,अतिथियों तथा शिक्षकों ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना का गायन किया।



विज्ञान एवं गणित के शिक्षक शिक्षिकाओं शिराली श्रीवास्तव, माधुरी गुप्ता, शालिनी जाट, प्रीति नेमा, संजय साहू, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, नमिता शुक्ला,अंजु अवधिया आदि ने विभिन्न कक्षों में लगी प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाए मॉडलों का अतिथियों एवं विद्यार्थियों को अवलोकन कराया।

कक्षा 9 से 12वीं तक के बच्चों ने विभिन्न चार्ट, चलित मॉडल, प्रोजेक्ट आदि का उत्साह के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से मानव शरीर के विभिन्न अंगों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. एके चौबे ने बताया कि छात्रों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि जागृत करने एवं उन्हें विज्ञान की विशेषताओं से परिचित कराने के लिए तथा विज्ञान के साथ मानव का सीधा संबंध स्थापित करने के प्रयासों से परिचित करवाने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जिला विज्ञान अधिकारी प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, प्राचार्य विनीता पांडे, इंजी. विकास रंजन श्रीवास्तव भी विद्यालय में उपस्थित हुए और उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना की ।

पूरी प्रदर्शनी का कुशल संचालन प्रीति नेमा एवं आभार प्रदर्शन विज्ञान प्रदर्शनी की संयोजिका शिराली श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी को सफल बनाने में मालती कौछल, सीमा दीक्षित, रामकुमार पालीवाल, सीताराम मुड़िया, मंजू पटेल,कुंती कतिया,राजेश पटेल, निशा द्विवेदी, राहुल दुबे,पंकज नेमा आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## एसकेएम का राष्ट्रव्यापी आंदोलन आज, देंगे धरना

**गाडरवारा, देशबन्धु।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्टीय आव्हान पर स्थानीय शक्तिचौक में एक दिवसीय धरना देकर राष्टपति एवं प्रधानमंत्री के नाम राष्टीय स्तर की मांगे एवं मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय स्तर की मांगों को लेकर आज 26 नवंबरको अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानो से अपील है किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एवं किसानों की मांगो के निराकरण की मांग को लेकर अधिक से अधिक संख्या में शक्तिचौक पर आज 26 नवंबर 2024 दिन मंगलवार को 1बजे से एकत्रित होकर 4 बजे एसडीएम को ज्ञापन देने तक अपनी उपस्थिति देंगे जिससे सरकार को किसान विरोधी नीतियां लागू कर किसानों के शौषण को रोका जा सके।

## नशे से दूर रहने की शपथ



**करकबेल, देशबन्धु।** नशे को लेकर पुलिस का जन जागरूकता अभियान ठेमी थाना के अंतर्गत सूरवारी ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका , एसडीओपी मधुर पटेरिया, थाना ठेमी निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे सहित आसपास से आये ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

नशामुक्ति के संबंध में जागरूक करने के लिए नशे से दूर रहने की उपस्थिति ग्रामीण जनों को शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका ने उपस्थित ग्रामीणों जनों को संबोधित करते बताया कि नशे से होने वाले नुकसानों को विस्तार पूर्वक बताया नशीले पदार्थों का चलन आज की युवा पीढ़ी अत्यधिक होने मानव का शरीर खोखला हो रहा है । वर्तमान में युवाओं नशे की लत से दूर रहने की अपील की है । नशे से होने वाली बीमारी से याददाश्त, एड्स, मानसिक बीमारी हो जाती है जिस कारण मनुष्य की कार्य क्षमता घट जाती है । इस अवसर पर सूरवारी सहित आसपास के ग्रामो से आये प्रबुद्ध जनों ने भी अपने-अपने विचार रखे । इस अवसर पर पुलिस थाना ठेमी स्टाफ सहित ग्राम पंचायत सूरवारी के जनप्रतिनिधि सहित आसपास से ग्रामीणों जनों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## नपा गाडरवारा में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**गाडरवारा, देशबन्धु।** तहसील विधिक सेवा समिति गाडरवारा के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश मनीष कुमार श्रीवास्तव के द्वारा सोमवार को नगरपालिका परिसर में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम 2013 विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा किया गया।

उक्त विधिक साक्षरता शिविर मे न्यायाधीश मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश ने कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन (रोकथाम निवारण प्रतिषेध) अधिनियम 2013 विषय पर चर्चा करते हुये बताया कि सन् 2013 में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन अधिनियम को पारित किया गया था। जिन संस्थाओं में दस से अधिक लोग काम करते है, उन पर यह अधिनियम लागू होता है। जैसा कि इसका नाम ही इसके उददेश्य रोकथाम, निषेध और निवारण को स्पष्ट करता है और उल्लंघन के मामले में, पीडित को निवारण प्रदान करने के लिये भी ये कार्य करता है। %यह कानून क्या करता है% जिसमें बताया गया कि यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन को अवैध करार देता है। यह कानून यौन उत्पीडन के विभिन्न प्रकारों को चिन्हित करता है और यह बताता है कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की स्थिति में शिकायत किस प्रकार की जा सकती है।

यह कानून हर उस महिला के लिये बना है जिसका किसी भी कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन हुआ है। कार्यस्थल कोई भी कार्यालय, दफतर हो सकता है, चाहे वह निजी संस्थान हो या सरकारी । इसके साथ ही यह भी बताया कि महिला को यौन उत्पीडन की शिकायत लिखित रूप में आंतरिक शिकायत समिति को किया जाना चाहिये । इसके साथ ही तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क कानूनी सहायता एवं यातायात संबंधी तथा बालिकाओं हेतु शिक्षा से संबंधित सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा बताया ताया कि भारत के सभी न्यायालयों में अर्थात तहसीलो में स्थापित न्यायालयों से लेकर सर्वोच्चय न्यायालय तक नि:शुल्क विधिक सहायता आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिये उपलब्ध होने की जानकारी दी और बताया कि अनुसूचित जाती/जनजाति, स्त्री, बालक, मानसिक रोगी व्यक्ति, औधोगिक कर्मकार, प्राकृतिक आपदा से पीडित व्यक्ति, जेल में कैद अभियुक्त एवं भारत का कोई भी नागरिक जिसकी समस्त स्त्रोतो से वार्षिक आय 2 लाख से अधिक न हो ऐसे व्यक्ति विधिक सहायता पाने के हकदार है। इसके अतिरिक्त उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, पीडित प्रतिकर योजना की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंडित शिवकांत मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष वैभव देशमुख के साथ ही जयंत ब्राउन, मेघा गुप्ता, समस्त उषा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता,शहर की स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं समस्त स्टॉफ श्रीमति शिखा सोनी, पीएलव्ही शेख रहीम, शशिकांत कौरव की उपस्थिति रही।

## छायाकार संगठन की बैठक



**करेली, देशबन्धु ।** श्री राम मंदिर में करेली छायाकार संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मिलन समारोह कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई और शादी-विवाह में फोटोग्राफरों को आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई ।

बैठक में विगत दिनों हुई एक दुखद घटना का भी उल्लेख किया गया। शादी समारोह के बाद सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय उदय कुमार निवासी- कल्याणपुर की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए, उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही, संगठन ने उनके परिवार की हर संभव मदद करने का संकल्प लिया।इस बैठक में छायाकार संगठन के जिला अध्यक्ष अनुज ममार, करेली छायाकार संघ के अध्यक्ष संतोष पुरी गोस्वामी, वरिष्ठ फोटोग्राफर सतीश जैन, दीपक शर्मा, अतुल तिवारी, रूपेश वर्मा, अनिल सेन, अभिषेक साहू, अखिलेश शर्मा, अरुण ठाकुर, अनिल मेहरा, आर्यन, रोहित यादव, यश राजपूत सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में फोटोग्राफी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने और आने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने पर जोर दिया गया।

## एक लाख 70 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो रोधी दवा



### अभियान 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक चलाया जायेगा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पल्स पोलियों के सफल संचालन के लिए कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने सभी बूथ पर समय पर टीम की उपस्थिति, सभी वैक्सीनेटर को प्रशिक्षित किए जाने, हाई रिस्क एरिया सघन मॉनीटरिंग, ट्राजिस्ट साईड के लिए अतिरिक्त टीम का गठन, सभी घरों में टीम द्वारा सही मार्किग किए जाने निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए प्रशिक्षित टीम के सदस्यगण जहां बूथ, बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन, प्रमुख चौराहा, प्रायमरी स्कूलों, ऑगनवाडी केन्द्रों में जाकर बच्चों को सुरक्षित करेंगे। वहीं मोबाईल दल घुमक्कड़ आबादी तथा बंजारा बस्ती, ईट भट्टा, शुगर मिल, गुड भटटी, निर्माणाधीन, मजदूर परिवार आदि सुदूर स्थलो में जाकर एक भी बच्चा एक भी परिवार न छूटे ऐसा प्रयास करेंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर अजली शाह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष प्रकाश सिंह सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुनील पटैल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अभियान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि 8 दिसंबर से 10 दिसंबर 2024 तक आयोजित पल्स पोलियो अभियान को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से जोड़ा गया है।

## विधायक ने किसान बंधुओं को किये बीज वितरित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल ने प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलोहाबड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जनजातीय किसान बंधुओं को बीज का वितरण किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय बाहुल्य ग्राम और आकांक्षी जिलों में जनजाति समुदाय के सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया गया है। इस अवसर पर जनपद पंचायत साईंखेड़ा के अध्यक्ष छत्रपाल राजपूत, जनपद सदस्य रामगोपाल गुर्जर शुभम कौरव, शैलेश कौरव, ईश्वर गुर्जर, बसंत तिवारी, पप्पू पटेल, सीताराम जसपुरिया, भैयाजी टेकन, मुकेश, राजेंद्र तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी- कर्मचारीगण एवं कृषक मौजूद थे।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए